हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 11 फरवरी 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 बिलावली महादेव मंदिर में पहुंचा प्रशासनिक...



07 बेटियों के चेहरों पर बिखरी मुस्कान



**खबर संक्षेप**

### आयुष विंग व स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर पर निशुल्क शिविर लगाया



**सीहोर।** सीहोर के आयुष विंग एवं स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर पर पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्था द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अर्थ (बवासीर), भगन्दर (फिस्टुला), परिकर्तिका (फिशर एवं अन्य गुदगत रोगों के 124 रोगियों का अनुभवी एवं विशेषज्ञ आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा परीक्षण कर क्षार सूत्र पद्धति से निःशुल्क उपचार किया गया। इसके साथ ही औषधियां भी प्रदान की गईं। शिविर में डॉ आदित्य नेमा, डॉक्टर सुरेश ठाकुर, डॉक्टर रवीन्द्र पाटिल, डॉक्टर नीलिमा सिंह, डॉक्टर विवेक सिंह भदौरिया, डॉक्टर उमेश नागर, नीरज कुशवाहा, मधुरेश कुमार पनिका एवं कमलेश शाक्य उपस्थित थे।

### आरोपी निकला सगा मामा, डर के साए में गढ़ी गई थी दो युवकों की कहानी

# घर का भेदी निकला दुष्कर्म का आरोपी 48 घंटों में पुलिस ने किया खुलासा

**दुष्कर्म के नाम पर रचा गया झूठा अपहरण का मामला, बाल अपचारी गिरफ्तार, किशोर न्यायालय के आदेश पर भोपाल बालगृह भेजा गया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

भैरुंदा थाना क्षेत्र के ग्राम दिमावर में 10 वर्षीय नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर पूरी कहानी पलट देने वाला खुलासा कर दिया। शुरुआती तौर पर जिस मामले को अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म से जोड़ा गया था, वह गहन जांच के बाद झूठा निकला। पुलिस विवेचना में सामने आया कि इस जघन्य वारदात का आरोपी कोई बाहरी व्यक्ति नहीं, बल्कि पीड़िता का नाबालिग सगा मामा ही है, जिसने डर और दबाव बनाकर घटना को अपहरण का रूप देने की साजिश रची थी।घटना के बाद परिजनों की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया था कि दो अज्ञात युवकों ने बालिका का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी आधार पर भैरुंदा थाना पुलिस ने अपहरण व सामूहिक दुष्कर्म की गंभीर धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की। मामला अत्यंत संवेदनशील होने के कारण पुलिस ने तकनीकी, भौतिक और मानवीय हर पहलू से विवेचना की।

#### बयानों में विरोधाभास से खुली परतें

जांच के दौरान घटनास्थल निरीक्षण, मेडिकल रिपोर्ट और पीड़िता व उसके परिजनों के बयानों में लगातार विरोधाभास




सामने आने लगे। इन तथ्यों ने पुलिस को संदेह में डाल दिया। इसके बाद महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा बालिका से सुरक्षित, शांत और भरोसेमंद माहौल में दोबारा बातचीत की गई, जहां से पूरे मामले की असल सच्चाई सामने आई।

#### डर और दबाव में गढ़ी गई झूठी कहानी

पीड़िता ने बताया कि 4 फरवरी को उसका परिवार दूसरे जिले से मजदूरी कर घर लौटने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान उसका मामा अलग अपने घर जाने वाला था। उसने बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और डराकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद जब परिजन उसकी तलाश करने लगे, तो आरोपी ने दबाव बनाकर उससे यह झूठा बयान दिलवाया कि दो अज्ञात युवकों ने उसका अपहरण किया है।

**पहले भी करता रहा था कृत्य :** सच्चाई सामने आते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने न केवल इस घटना को स्वीकार किया, बल्कि पहले भी बालिका के साथ इस तरह की हरकत किए जाने की बात कबूल की, जिससे मामला और गंभीर हो गया।

#### किशोर न्यायालय से बालगृह भेजा गया

बाल अपचारी को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत माननीय किशोर न्यायालय सीहोर में पेश किया गया, जहां से उसे भोपाल स्थित बालगृह भेजने के आदेश दिए गए। विवेचना में सामने आए तथ्यों के आधार पर सामूहिक दुष्कर्म की धाराएं पृथक कर अन्य सुसंगत धाराओं में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

#### वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में संवेदनशील जांच

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के मार्गदर्शन में तथा एसडीओपी रोशन कुमार जैन के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। टीम की सतर्कता और संवेदनशीलता से समय रहते पूरे मामले का खुलासा संभव हो सका।

#### इनकी रही अहम भूमिका

कार्रवाई में एसडीओपी रोशन कुमार जैन, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी, उपनिरीक्षक पूजा सिंह राजपूत, लोकेश सोलंकी, कौशलेन्द्र सिंह बघेल, लवेश मालवीय, राजेश यादव, सउनि रामकृष्ण गौर सहित महिला व पुरुष पुलिस स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## पहली बार छोटी 51 सदस्यीय जिला कांग्रेस कमेटी बनेगी

### पार्टी लाइन से बाहर जाने वालों पर कार्रवाई करेगी अनुशासन समिति




**सीहोर।** प्रदेश मुख्यालय इंदिरा भवन, भोपाल में रविवार को सीहोर जिले की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला अध्यक्ष एवं सभी ब्लॉक अध्यक्षों के साथ संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से ग्राम एवं वार्ड पंचायत समितियों के गठन की कार्ययोजना तथा आगामी संगठनात्मक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, आईसीसी सचिव संजय दत्त, संगठन महासचिव संजय कामले, जिला प्रभारी जयश्री हरिकिरण,प्रदेश महामंत्री शालेन्द्र पटेल, सिहोर जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, विधानसभा प्रभारी एवं समस्त ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे जी के निर्देशानुसार जिला कार्यकारिणी के सदस्यों की संख्या 51 से ज्यादा नही रहेगी एवं प्रत्येक जिले में अनुशासन समिति का गठबंधन किया जाएगा, जो भी कांग्रेस पार्टी के संविधान और अनुशासन का पालन नहीं करेगा उपयोग व्यक्ति को कांग्रेस पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा सोशल मीडिया पर भी अनर्गल टिप्पणियाँ करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जयेगी।

सीहोर जिले के पंचायत एवं वार्ड कांग्रेस कमेटी के गठबंधन के कार्यक्रम की भी बारिकी से समीक्षा की गई। नगर अध्यक्ष गण की नियक्ति मंडल अध्यक्षगणों की नियक्ति साहित ब्लॉक कांग्रेस समिति मोर्चा संगठन प्रवक्ता की नियुक्ति के संबंध में भी चर्चा की गई।

## कलेक्टर ने नरवाई जलाने पर रोक लगाने के दिए निर्देश, अधिकारियों से कहा निगरानी रखें

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने नरवाई जलाने की घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नरवाई जलाने वालों पर नियमों के अनुसार जुर्माना लगाया जाएगा।

कलेक्टर ने बताया कि नरवाई जलाने से पर्यावरण को गंभीर नुकसान होता है। इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और मिट्टी की उर्वरता भी कम होती है। नरवाई जलाने की रोकथाम के लिए कृषि, उद्यानिकी, राजस्व तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की संयुक्त ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लगातार निगरानी रखी जा सके और समय पर कार्रवाई हो सके।

**सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा :** बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का तय समय-सीमा में संतोषजनक निराकरण किया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने 'संकल्प से



समाधान' अभियान के तहत 15 फरवरी से क्लस्टर स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए और अधिक से अधिक नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जाए। अधिकारियों को अभियान में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए।

इसके अलावा, कलेक्टर ने प्रधानमंत्री श्रम मानधन योजना का लाभ सभी पात्र श्रमिकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ को समग्र ई-केवाईसी, आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड निर्माण तथा प्रसूता महिलाओं को डीबीटी लाभ देने के लिए ई-केवाईसी के विशेष शिविर आयोजित करने को कहा।

कलेक्टर ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों को आवंटित बजट का समय पर और सही तरीके से उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से प्रारंभ

**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से प्रारंभ हो गया है, जिसकी अंतिम तिथि 07 मार्च निर्धारित की गई है। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों से सभी पात्र किसानों का पंजीयन करने के निर्देश दिए हैं।

खाद्य विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान केवल सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं में स्थापित पंजीयन केंद्रों पर ही पंजीयन करा सकेंगे। जारी निर्देशानुसार वनाधिकार पट्टाधारी किसानों का वन पट्टा तथा सिकमी/बटाईदार किसानों का सिकमी/बटाई अनुबंध 02 फरवरी 2026 से पूर्व का पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। पंजीयन के दौरान ई-उपार्जन पोर्टल पर मूल भू-स्वामी की सहमति, आधार नंबर एवं अन्य आवश्यक जानकारी दर्ज की जाएगी। ओटीपी सत्यापन के पश्चात ही पंजीयन मान्य होगा। पंजीयन केंद्र पर किसानों को आधार कार्ड, आधार से पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं सिकमी/बटाई अनुबंध की प्रति साथ लाना आवश्यक होगा। प्रस्तुत दस्तावेजों को ऑपरेटर द्वारा स्कैन कर ई-उपार्जन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सभी कार्यकर्ता दें अपना अमूल्य योगदान : अजय जामवाल

### भाजपा की डबल इंजन सरकार समाज के हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध



**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सोमवार के सीहोर जिला कार्यालय में कामकाजी बैठक, जनप्रतिनिधियों की बैठक और जिला कोर ग्रुप की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए कार्य रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। भाजपा की डबल इंजन सरकार हर समाज वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। वर्ष 2047 में भारत अपनी स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा। पार्टी के सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश को विकसित बनाने में अपना अमूल्य योगदान दें। कामकाजी बैठक को संभाग प्रभारी डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान एवं जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने भी संबोधित किया। इस दौरान मंच पर प्रदेश शासन के मंत्री करणसिंह वर्मा, विधायक रमाकांत भार्गव, जिला प्रभारी विकास विरानी, विधायक सुदेश राय एवं गोपाल इंजीनियर उपस्थित रहे।

बैठक का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी व श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने अपने स्वागत भाषण में समस्त अतिथियों का स्वागत किया व क्षेत्रीय संगठन मंत्री को सीहोर जिले के भाजपा संगठन की संरचना की जानकारी भी प्रस्तुत की। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री मेवाड़ा ने कहा कि हमें पूरे जिले में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है। जिला प्रभारी विकास विरानी ने अपने संबोधन में भाजपा के प्रत्येक सक्रिय कार्यकर्ता को जिम्मेदारियां मिले इस विषय पर ध्यान रखने हेतु कहा । तत्पश्चात संभाग प्रभारी डॉ तेजबहादुर सिंह चौहान ने एसआईआर विषय की समीक्षा करने के साथ ही आजीवन सहयोग निधि व आगामी कार्यक्रमों के बारे में सभी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल ने कहा कि जिले के सभी पार्टी पदाधिकरी मंडल और शक्ति केंद्रों तक प्रवास करें और कार्यकर्ताओं के साथ बूथ स्तर तक पार्टी संगठन को और मजबूत करने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार गरीबों, युवाओं, महिलाओं, किसानों और समाज के हर वर्ग के लोगों कल्याण, आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। आप सभी पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव, घर-घर तक संपर्क कर भाजपा की डबल इंजन सरकार की हितग्राही मूलक और जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं और पात्र हितग्रहियों को लाभ दिलाने के लिए कार्य करें।

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता किशन पचौरी के निवास पहुंचकर सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने किशन पचौरी के साथ लोकेंद्र मेवाड़ा व अन्य वरिष्ठों से मुलाकात कर उनके अनुभवों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, मण्डल अध्यक्ष व महामंत्री, नगरपालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष उपस्थित रहे।

### वाहनों की रफ्तार पर लगना चाहिए लगाम, जब तक कार्रवाई नहीं होगी, हादसों पर रोक लगना मुश्किल

**सीहोर।** शहर में इन दिनों बाइक ही नहीं, चार पहिया वाहन भी तेज रफ्तार से दौड़ रहे हैं। बाजार क्षेत्र में भी कई बार ऐसी स्थिति बनती है। हर रात इंदौर नाका से चौपाल सागर रोड तक चार पहिया वाहन तेज गति से गुजरते हैं। कुछ दिन पहले इसी रोड पर एक हादसा हुआ था। एक युवक की जान चली गई थी। बाजार में बाइक सवार भी तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं। ऐसे में टक्कर होने पर बचना मुश्किल हो जाता है। यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। यातायात पुलिस को ऐसे वाहन चालकों पर सख्ती करनी चाहिए। जब तक कार्रवाई नहीं होगी, हादसों पर रोक लगना मुश्किल है। कई बाइक में तेज आवाज वाले उपकरण लगाए गए हैं। इन पर भी पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए। यह समस्या बढ़ रही है।

### धूमधाम से निकाली जाएगी भगवान की रथयात्रा

## प्राचीन जगदीश मंदिर में धर्मशाला के लिए बनवाया तीन हजार स्क्वायर फीट का टीन शेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी जगदीश मंदिर टाट बाबा परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में निकाली जाने वाली रथ यात्रा आस्था और उत्साह के साथ निकाली जाएगी। वहीं प्राचीन जगदीश मंदिर में इन दिनों निर्माण कार्य चल रहा है। मंदिर परिसर में करीब तीन हजार से अधिक स्क्वायर फीट में टीन शेड का निर्माण किया गया है। इसके अलावा मंदिर की साफ-सफाई का तेजी से कार्य किया जा रहा है। चल समारोह के अध्यक्ष सुरेश परमार गब्बर ने बताया कि मंदिर परिसर में होने वाले धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों को लिए टीन शेड का निर्माण किया गया है। इसके अलावा हर साल कांवड यात्रा और रुद्राक्ष महोत्सव में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की गई है। समाजजनों ने निर्माण कार्य का



जायजा लिया। इस वर्ष पूर्ण आस्था और उत्साह के साथ जगदीश मंदिर से भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। इसके लिए भव्य रथ का निर्माण किया जाएगा। नगर भ्रमण पर रथ में बलदाऊ भैया, बहन सुभद्रा के साथ जगतपति जगन्नाथ स्वामी को विराजमान किया जाएगा और उसके बाद शहर के छावनी से मंडी तक करीब तीन-चार किलोमीटर मार्ग पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। इस वर्ष रथ को खिचने का इंतजाम किया गया है। भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ तीन रथों पर सवार होते हैं। मंदिर परिसर में विशेष आरती का आयोजन किया जाएगा और उसके पश्चात रथ यात्रा निकाली जाएगी।

इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज की ओर से शिव परमार मुरली, जेपी परमार, विष्णु परमार रोलूखेड़ी ने बताया कि भव्य आयोजन को लेकर प्रांतीय अध्यक्ष सूरज प्रसाद परमार, मंडलोई चंदर सिंह, पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल आदि के मार्गदर्शन में तेजी से मंदिर में निर्माण कार्य किए जा रहे है। आगामी दिनों में पौधा रोपण आदि भी किया जाएगा। सोमवार को मंदिर परिसर में चल समारोह के अध्यक्ष सुरेश परमार गब्बर, अनार सिंह परमार, हरीश परमार, मनोहर परमार, भगवान सिंह परमार, अर्जुन, गजराज, मुकेश पटेल, देवनारायण, महेन्द्र सहित अन्य ने निर्माण कार्य का जायजा लिया।

## उत्तरी हवा ने बढ़ाई ठिठुरनः पारा 12 डिग्री, फिर भी कड़ाके की ठंड, सुबह सर्दी तो दोपहर में लग रही गर्मी

**सीहोर।** जिले में सोमवार को न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते चार दिनों से पारा 11 से 12 डिग्री के आसपास स्थिर बना हुआ है। इसके बावजूद उत्तर दिशा से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण लोगों को कड़ाके की ठंड का अहसास हो रहा है।



#### दूसरे सप्ताह में बदला मौसम का मिजाज

फरवरी का दूसरा सप्ताह पहले सप्ताह से बिल्कुल अलग है। पहले सप्ताह में जहां घना कोहरा था, वहीं अब आसमान साफ है और बादल छंट गए हैं। आज सुबह ठंड का असर रहा, लेकिन 9 बजे तक धूप तेज होने से लोगों को राहत मिली। दोपहर में तेज धूप के कारण गर्मी महसूस की जा रही है। कल भी लोगों ने दिन में गर्मी महसूस की थी।

#### बीते दिनों का तापमान

5 फरवरीः 12 डिग्री सेल्सियस
6 फरवरीः 10 डिग्री सेल्सियस
7 फरवरीः 12 डिग्री सेल्सियस
8 फरवरीः 11 डिग्री सेल्सियस
9 फरवरीः 11 डिग्री सेल्सियस
10 फरवरीः 12 डिग्री सेल्सियस

#### दिखा मौसम विभाग का गुब्बारा

सोमवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम विभाग का हॉट बैलून (गुब्बारा) भी देखा गया। मौसम विभाग इसका उपयोग मौसम के पूर्वानुमान और आंकड़े जुटाने के लिए करता है।

## खबर संक्षेप

### वसूली का लक्ष्य पूरा नहीं होने पर वेतन कटे

**देवास।** संपत्तिकर वसुली की टीम को प्रति सप्ताह दिए गए लक्ष्य के अनुरूप वसुली नही होने पर आयुक्त दलीप कुमार ने चेतावनी देते हुए प्रति सप्ताह के दिए लक्ष्य के अनुसार वसुली करने के निर्देश देते हुए वार्ड 13, 14, 19, 31 एवं 32 से लक्ष्य अनुरूप वसुली नही करने पर वसुलीकर्ताओं के 3 दिवस का वेतन आहरण नही करने के निर्देश उपायुक्त वित्त दिपक पटेल को दिए। आयुक्त ने बडे बकायादारों को सख्ती पत्र जारी करने के पश्चात भी राशि जमा नही करने पर कुर्की करने के निर्देश दिए।इसी प्रकार कचरा संग्रहण शुल्क को लेकर वसुलीकर्ताओं को प्रतिदिन का दिया वसुली लक्ष्य अनुसार वसुली नही होती है तो आयुक्त ने चेतावनी के साथ वसुलीकर्ताओं के वेतन आहरण नही करने हेतु कहा। लक्ष्य अनुसार वसुली करने पर आयुक्त ने की प्रशंसा।इसी प्रकार जलकर वसुली का लेकर आयुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप वसुली करने वाले वसुलीकर्ताओं की प्रशंसा भी की। वहीं चालु वित्तीय वर्ष की राजस्व वसुली के लक्ष्य को पूरा करने में पूरी मेहनत ओर लगन से कार्य करने हेतु कहा। आयुक्त ने सहायक राजस्व निरीक्षकों को संपत्तिकर वसुली के साथ कचरा संग्रहण शुल्क एवं सिवरेज के कनेक्शनों की राशि वसुली पर वसुलीकर्ताओं को सहयोग करने को कहा।

### पुलिस ने ज्वलनशील पदार्थ के अवैध भंडारण करने वालों पर की कार्रवाई

# एक हजार लीटर थिनर, 400 लीटर डीजल डीजल टैंकर सहित 50 लाख का माल जब्त

**डीजल, थिनर का भंडारण व क्रय-विक्रय करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



थाना कमलापुर पुलिस की अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थ डीजल थिनर आदि का भंडारण एवं क्रय विक्रय करने वाले आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि आरोपी जितेंद्र पटेल के घर से पेट्रोल डीजल का अवैध भंडारण कर व्यापार करने वाले आरोपियों के कब्जे से एक डीजल टैंकर, 1000 लीटर थिनर, 400 लीटर डीजल एवं अन्य उपकरण नाप, मोटर पंप कुल मशरूका 50 लाख रुपए का बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत द्वारा अवैध कारोबार करने वाले एवं सामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी कमलापुर को सोमवार को मुखबीर सूचना मिली थी कि बड़ी चौराहे के पास रोड किनारे स्थित जितेंद्र पटेल के बाडे में बने पक्के कमरे में अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थ डीजल आदि का भारी मात्रा में भंडारण कर क्रय विक्रय किया जा रहा है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी कमलापुर उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा द्वारा तत्काल फोर्स के साथ जितेंद्र पटेल के बाड़े पर जाकर तस्दीक की गई तो मौके पर एक डीजल टैंकर क्रमांक एमपी 09 जी जी 5698 मिला जिससे डीजल निकाला जा रहा था, मौके पर पंचानो के समक्ष कार्यवाही करते हुए आरोपी जितेंद्र पिता रमेश परमार निवासी ग्राम अरंडिया इंदौर एवं आरोपी जितेंद्र पटेल से मौके पर मिले मसरूका डीजल वी थिनर से भरे ड्रमो एवं अन्य सामग्री के संबंध में पूछताछ करते कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया तथा आरोपी जितेंद्र पटेल कागज लाने का बहाना बनाकर घटनास्थल से फरार हो गया था।

उक्त दोनों आरोपियों द्वारा अवैध रूप से डीजल व थिनर का अवैध भंडारण कर क्रय विक्रय का व्यापार करना पाया गया। जप्त मशरुका में 01-एक डीजल टेंकरक्र.MP-09-GG-5698, 02-डीजल से भरे दो ड्रम 400 लीटर03-थिनर से भरे पांच ड्रम 1000 लीटर 04-अन्य उपकरण मोटर पंप डीजल नापने वाले यंत्र, डीजल निकालने के यंत्र,कुल कीमती 50/-लाख शामिल है। उक्त आरोपियों के विरुद्ध समय रहते कार्रवाई न होती तो यह किसी बड़ी नुकसान/जनहानि का कारण बन सकता था। आरोपियों के विरुद्ध थाना कमलापुर पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और आरोपियों से इतनी अधिक मात्रा में दी ज्वलनशील पदार्थ का भंडारण करने के संबंध में पूछताछ जारी है, मौके से गिरफ्तार आरोपी जितेंद्र परमार को न्यायालय बागली में पेश किया गया है।इस सराहनीय कार्य में थाना कमलापुर के उप निरीक्षक सर्जनसिंह (थाना प्रभारी), उपनिरीक्षक पीसी सोलंकी, उप निरीक्षक राकेश चौहान चौकी प्रभारी चापड़ा, प्र.आर. योगेश यादव, प्रधान आरक्षक रायचंद जोड़ियां, प्रधान आरक्षक राजेंद्र शर्मा, प्रधान आरक्षक भगवती प्रसाद खरे, प्रधान आरक्षक , आरक्षक जीवन मालवीय, आरक्षक दिलीप सोलंकी की महत्वपूर्ण एवं प्रशंसनीय भूमिका रही।

# बिलावली महादेव मंदिर में पहुंचा प्रशासनिक अमला

### व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आगामी शिवरात्रि पर्व को देखते हुए बिलावली महादेव मंदिर में मंगलवार सुबह प्रशासनिक अमला पहुंचा।कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शिवरात्रि पर्व को देखते हुए बिलावली महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बिलावली महादेव मंदिर में की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्याप्त रोशनी, पानी, बैरिकेडिंग और पार्किंग की व्यवस्था,भीड़ प्रबंधन, बैरिकेडिंग, ऐम्बूलेंस, फायर ब्रिगेड सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।बिलावली मंदिर के निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, एएसपी ट्रॉफिक एचएन बाथम, एसडीएम देवास अभिषेक शर्मा, तहसीलदार सपना शर्मा, नगर निगम एवं लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी शिवरात्रि पर्व पर दर्शनार्थियों को सुगमता से दर्शन हों। इसको ध्यान में रखते हुए सारी व्यवस्थाएं कर ली जाएं। ट्रॉफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चले इसलिए सर्विस रोड़ पर दुकाने नहीं लगाने दें, सभी दुकाने परिसर में ही लगाई जाये। सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से बनी रहे इसके लिए मंदीर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाये और कंट्रोल रूम भी बनाये। उन्होंने निर्देश दिये कि मंदिर परिसर में बैरिकेटिंग कर ली जाएं, जिससे दर्शनार्थी आसानी से दर्शन कर सकें। इसके साथ जो भी आवश्यक व्यवस्थाएं हैं उन्हें समय रहते पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

### प व्यास जिला महामंत्री, अवस्थी जिला उपाध्यक्ष नियुक्त



**देवास।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ अध्यक्ष दिनेश मिश्रा की अनुशंसा पर जिला युवासंघ अध्यक्ष अजय पांडे (छोटू) ने प्रणय व्यास देवास को जिला महामंत्री और सिद्धार्थ अवस्थी को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया। इनकी नियुक्ति पर पूर्व अध्यक्ष संजय शुक्ला, रमेश व्यास, संरक्षक दीपक जोशी, सुभाष शर्मा, प्रयास गौतम, आशुतोष जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र स्थापक, बंटी शर्मा, दीपक जोशी, कमलेश शर्मा, मंगेश शर्मा, कोषाध्यक्ष सतीश दुबे, महासचिव दीपेश कानूनगो, महेंद्र व्यास, संजय दुबे, डॉ.रितेश शर्मा, नयन कानूनगो, प्रतीक पंडित, मोहित पांडे आकाश अवस्थी, मयंक उपाध्याय, पवन चौधरी, विमल शर्मा, मुकेश शर्मा, प्रतीक शास्त्री, कपिल व्यास, सुदर्शन दुबे, संदीप चौबे, रोहित उपाध्याय, भरत व्यास, अमिताभ शुक्ला, संजय आचार्य, महेंद्र उपाध्याय, संतोष दुबे, नवीन दुबे, एम एम मोदी, एम एम दुबे, आदित्य दुबे आदि समाजजनों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी।

# पीपलरावां में गोवंश पर हमले के विरोध में आक्रोश, थाने के सामने हनुमान चालीसा का पाठ कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



पीपलरावा क्षेत्र में गोवंश पर हुए प्राणघातक हमले के विरोध में मंगलवार को सकल हिंदू समाज और गौसेवकों का गुस्सा फूट पड़ा। मंगलवार को बड़ी संख्या में एकत्रित हुए ग्रामीणों और हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने थाने के सामने बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया और अपना विरोध दर्ज कराया। इसके पश्चात, थाना प्रभारी के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार लखनलाल सोनानिया को सौंपा।

### क्या है पूरा मामला

बीती 25 जनवरी 2026 को पीपलरावाँ क्षेत्र में अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा गोवंश पर प्राणघातक हमला किया गया था। इस अमानवीय कृत्य को लेकर नगरवासियों में लगातार असंतोष बना हुआ है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी अब तक प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे हिंदू समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं।

### प्रशासन ने दिया गिरफ्तारी का भरोसा

ज्ञापन लेने पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल ने स्थिति को संभाला। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए एसडीओपी दीपा मांडवे और थाना प्रभारी सुबोध गौतम दलबल के साथ मुस्तैद रहे। एसडीओपी दीपा मांडवे और थाना प्रभारी सुबोध गौतम ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि पुलिस इस मामले में पूरी गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।



### शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अपील

सकल हिंदू समाज ने स्पष्ट किया कि गोवंश भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। यदि जल्द ही इस मामले में कोई कठोर कदम नहीं उठाया गया, तो आगामी समय में उग्र आंदोलन किया जा सकता है। हालांकि, मंगलवार का प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण और कानून के दायरे में संपन्न हुआ।

### सेवानिवृत्त फौजी की निजी भूमि से जबरन रास्ता खोलने का आरोप, दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के टोंकखुर्द तहसील अंतर्गत ग्राम फतेहपुर खेड़ा में निजी भूमि से कथित रूप से जबरन रास्ता निकालने का मामला सामने आया है। सेवानिवृत्त फौजी पीड़ित किसान मुकेश मालवीय, निवासी जमना नगर देवास, ने सैनिक संगठन जिला देवास के नेतृत्व में जनसुनवाई में जिला कलेक्टर को आवेदन देकर राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। मुकेश मालवीय के अनुसार उनकी निजी भूमि खसरा नंबर 82 पर गांव के ही कुछ व्यक्तियों द्वारा 12 फीट चौड़ा और लगभग 300 फीट लंबा रास्ता निकालने की मांग की जा रही थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि संबंधित पक्ष की जमीन पहले से ही पक्की सरकारी सडक़ से जुड़ी हुई है, इसके बावजूद उनकी निजी भूमि से रास्ता लेने का दबाव बनाया जा रहा था। पीड़ित का आरोप है कि उन्हें इस संबंध में डराया और धमकाया भी गया। उन्होंने बताया कि पूर्व में पटवारी और तहसीलदार द्वारा मौके का निरीक्षण कर यह आश्वासन दिया गया था कि उनकी जमीन से कोई रास्ता स्वीकृत नहीं है और संबंधित पक्ष का मार्ग उनके पुराने खाते से ही बनता है। हालांकि, मुकेश मालवीय का कहना है कि 6 फरवरी 2026 का नोटिस उन्हें 8 फरवरी की शाम 5 बजे के बाद मोबाइल पर दिया गया, जिससे निर्धारित समय पर मौके पर पहुंचना संभव नहीं हो पाया। इसके बाद 9 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे से पहले राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर रास्ता खुलवाने की कार्रवाई कर दी। शिकायतकर्ता के अनुसार इस दौरान जेसीबी मशीन से उनकी खड़ी फसल और खेत की फेंसिंग को नुकसान पहुंचाया गया, जिससे उन्हें आर्थिक हानि के साथ मानसिक प्रताडऩा भी झेलनी पड़ी। मुकेश मालवीय ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि उनके नुकसान की भरपाई संबंधित पक्ष से कराई जाए, राजस्व अमले की कथित पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की जांच कर दंडात्मक कदम उठाए जाएं तथा उनकी भूमि पर पूर्व स्थिति अनुसार दोबारा फेंसिंग कराई जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में सैनिक संगठन जिला देवास रिटायर्ड फौजी उपस्थित थे।

# सेंट जॉन हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह 'ग्लिटर' हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




सेंट जॉन हायर सेकेंडरी स्कूल, चापड़ा में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह 'ग्लिटर' का आयोजन किया गया। समारोह का आयोजन विद्यालय प्रबंधन एवं कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की गरिमामयी एवं आकर्षक एंट्री के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के फादर सोनी एंटनी, प्राचार्या सिस्टर अर्पिता तथा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

समारोह के दौरान कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। साथ ही विद्यार्थियों ने छात्र जीवन पर आधारित एक प्रेरणादायक नाटक (स्किट) प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा।इसके पश्चात कक्षा 12वीं के सभी विद्यार्थियों ने मंच पर रैंप वॉक कर अपने आत्मविश्वास, एकजुटता एवं अनुशासन का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक क्षण उस समय आया जब विद्यालय के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के सम्मान में एक सामूहिक गीत (ग्रुप सॉन्ग) प्रस्तुत किया, जिससे पूरा वातावरण भावविभोर हो गया। इसके पश्चात कक्षा 12वीं के कक्षा अध्यापक विजेंद्र बैरागी एवं अलका अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ एवं मार्गदर्शन प्रदान किया।कार्यक्रम का संचालन दिव्यांश तंवर एवं अंसाली पटेल द्वारा प्रभावशाली एवं सराहनीय ढंग से किया गया। पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने में कक्षा 11वीं के कक्षा अध्यापक विनोद पाटीदार एवं हितेश गुप्ता का विशेष योगदान रहा।विद्यालय के डायरेक्टर फादर सोनी एंटनी ने इस सफल आयोजन हेतु सहयोगी कक्षा 11 के विद्यार्थियों ओर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया।

### कांग्रेस के वार्ड चलो बूथ चलो अभियान के पहले चरण का हुआ समापन

# वार्ड स्तर पर पहुंची कांग्रेस, संगठन हुआ मजबूत: संजय दत्त





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में शहर के 45 वार्डों में प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर वार्ड चलो बूथ चलो अभियान चलाया गया था, जिसके अंतर्गत शहर के 45 ही वार्डों में जाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भेंट कर वहां पर वार्ड अध्यक्ष नियुक्त किए गए। इसी कार्यक्रम का पहला चरण रविवार को वार्ड क्रमांक 6 नोसराबाद में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रदेश के सह प्रभारी संजय दत्त ने संबोधित करते हुए कहा कि पहले कांग्रेस हाई कमान की नीतियां दिल्ली से बन कर कार्यकर्ताओं के बीच आती थी अब कार्यकर्ताओं की राय वार्ड व पंचायतो से सुझावों पर नीतियां बनाकर ऊपर जाती है। जिन्हें कांग्रेस संगठन द्वारा लागू किया जाता है। आज स्थिति बदली है जमीनी स्तर पर कांग्रेस लगातार काम कर रही है उसी का परिणाम रहा है कि आज सभी जगह वार्ड स्तर पर कांग्रेस पहुंची है। शहर में कांग्रेस संगठन मजबूत हुआ है इसके लिए मैं कांग्रेस अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं को बधाई देता हूं। इस अवसर पर उपस्थित जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी, रेखा वर्मा, मनोज राजानी, शौकत हुसैन, गुरचरण सिंह सलूजा, नज़र शेख़, भगवान सिंह चावडा, रोशन रायकवार ने भी संबोधित करते हुए कहा कि पूरी कोशिश की जा रही है कि कांग्रेस संगठन एक जुटता के साथ इस बार काम करते हुए नगर निगम देवास विधानसभा एवं लोकसभा में कांग्रेस विजय हो। साथ ही जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने कहा कि मेरा प्रयत्न है कि हम देवास मे कांग्रेस का बेहतर प्रदर्शन करें। सभी वार्डों में गया हूं ,मुझे उम्मीद से अधिक कांग्रेस जनों का सहयोग मिला है जिससे मैं उत्साहित हूं। कार्यक्रम का संचालन जाहिद पठान ने किया एवं आभार सुधीर शर्मा ने माना। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुजीत सांगते, विक्रम मुकाती, जितेंद्र गौड़, ज्ञान सिंह दरबार, नरेंद्र यादव लल्ला, कल्याण सिंह पवार, रूपेश कल्याने, दिलीप सिंह बजेपुर, प्रतीक शास्त्री, किशोर चौहान, मंसूर शेख, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, प्रदीप बनाफर, राहुल पवार, दिग्विजय सिंह झाला, राजा पडियार, अविनाश जेठवा सहित बड़ी संख्या में वार्ड क्रमांक 6 के रहवासी सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# समारोहपूर्वक हुआ सेनजी महाराज छत्री का अनावरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मंगलवार को नगर निगम के वार्ड क्रमांक 25 में सिविल लाइन चौराहा पर संत शिरोमणि सेनजी महाराज की नवनिर्मित छत्री का अनावरण समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गायत्रीराजे पवार उपस्थित रहीं, जबकि अध्यक्षता महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने की। वहीं विशेष अतिथि के रूप में सभापति रवि जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, संत कानु नागोबा सनावद, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, बहादुर मुकाती, जिला महामंत्री राजेश यादव आदि मंचासीन थे। सर्वप्रथम अतिथियों ने फीता काटकर सेनजी महाराज की छत्री का अनावरण किया व सेनजी महाराज की आरती कर पूजन किया। स्वागत भाषण देते हुए क्षेत्रीय पार्षद व निगम नेता सत्तापक्ष मनीष सेन ने संपूर्ण सेन समाज को यह सौगात देने के लिए विधायक, महापौर, सभापति व नगर निगम समस्त पदाधिकारियों के सहयोग का जिक्र किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गायत्रीराजे पवार ने कहा कि संत शिरोमणि सेन जी महाराज का जीवन भक्ति व आध्यात्म से भरा रहा है। उनके जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है। उनके विचार सेन समाज की ही नहीं संपूर्ण हिंदू समाज को जागृति व चेतना देते है। विधायक पवार ने सेनजी महाराज की इस सुंदर छत्री निर्माण के लिए पार्षद मनीष सेन की प्रशंसा भी की।

## खबर संक्षेप

### पीटकर दी धमकी, केस दर्ज

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र में मामूली विवाद को लेकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महरौनी थाना के मोहल्ला शहीद पार्क के सामने निवासी शाजिद खान पुत्र जिराईल खान ने बताया कि 8 फरवरी 2026 को अपराह्न करीब 3 बजे वह अपनी दुकान के पास बैठा था। इसी दौरान पड़ोसी फरूख और छोटू पुत्रगण शरफुद्दीन आए और छत से पानी गिरने को लेकर विवाद करने लगे। पीड़ित ने जब उसने गाली-गलौज से मना किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं।

### पुरानी रंजिश में हमला

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्र के ग्राम नथौनीखेड़ा मजरा बसेरा में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित नत्थीखेड़ा के मजरा बसेरा निवासी घनश्याम पुत्र मानलाल ने बताया कि 8 फरवरी 2026 की शाम करीब 7.30 बजे वह अपने घर के बाहर कच्चे रास्ते पर खड़ा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही जितमान लोधी और ललित लोधी पुत्रगण घनराज उर्फ पप्पू वहां पहुंचे और लाठी-डंडों व लात-घूंसों से उसके साथ मारपीट की।

### क्रॉस एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम पिपरई/पटा में खेत में भैंस चले जाने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 08 फरवरी 2026 को अपराह्न करीब 3 बजे खेत में भैंस चले जाने की बात को लेकर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी तक पहुंच गई। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए तालबेहट में रिपोर्ट दर्ज कराई। रमेश पुत्र कनई यादव, निवासी ग्राम पटा ने आरोप लगाया गया कि खेत में भैंस चले जाने को लेकर राजा सिंह व हरिश्चंद्र ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पड़ताल जारी की है।

### हरी झंडी दिखाकर जागरुकता बाइक रैली को किया रवाना, समूचे अंचल में देंगे सलाह

# सेफर इंटरनेट डे पर डीएम ने सुरक्षित तरीके से उपयोग करने पर दिया जोर

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को बांटे प्रशस्ति पत्र**

**साइबर फ्रॉड होने पर नजदीकी साईबर थाने व टोल फ्री नम्बर 1930**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

इण्टरनेट के सुरक्षित उपयोग और साईबर अपराधों के प्रति जागरुकता के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सेफर इण्टरनेट डे पर जनपदवासियों के लिए एक विशेष संदेश दिया है। उन्होंने कलैक्ट्रेट परिसर में साईबर जागरुकता बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए अपील की कि आज के समय में जब डिजिटल प्रयोग बढ़ गया है, प्रत्येक व्यक्ति मोबाइल व इण्टरनेट का प्रयोग कर रहा है, लेनदेन के लिए भी लोग यूपीआई क्यूआर कोर्ड का प्रयोग करते हैं, ऐसे में इंटरनेट के उपयोग में हम सभी को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से उपस्थित लोगों को साईबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

#### इन बातों पर दिया जोर

जिलाधिकारी ने कहा कि इंटरनेट व सोशल साइट का प्रयोग करते समय कई बार लोगों के साथ साईबर फ्रॉड हो जाते हैं, जिसमें लोगों के पैसे भी चले जाते हैं, इसके अलावा डिजिटल अरेस्ट जैसे स्कैम भी हो रहे हैं, ऐसे में आपको ध्यान रखना है कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई चीज नहीं होती। इन सब से बचाव के लिए ऐसे वेबलिंक जिनमें आपको धन का लालच दिया जा रहा हो, ऐसे लिंक को किसी भी दशा में क्लिक नहीं करना है। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड करने वाले लोग त्यौहारों के मैसेज बनाकर फॉरवर्ड करते रहते हैं, ऐसे लिंक वाले मैसेज पर कतई क्लिक नहीं करना है, इससे आपका मोबाइल पूरी तरह से हैक हो सकता है और आपकी निजी जानकारी जैसे फोटो, पर्सनल चैट या जरुरी दस्तावेज आदि गलत हाथों तक पहुंच सकती है। उन्होंने कहा कि किसी को ओटीपी न दें, इंटरनेट का सही इस्तेमाल करें।

#### इंटरनेट व एआई के इस्तेमाल में सावधानी

जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि डीपफेक वीडियो और क्लोन की गई आवाजें वास्तविक लग सकती हैं। ऐसे में भावनात्मक रूप से इन पर प्रतिक्रिया करने से पहले विश्वसनीय स्रोतों से पुष्टि करें, एआई घोटालों में अक्सर भावनात्मक कहानियां या तत्काल सहायता के अनुरोध किया जाता है, इन पर प्रतिक्रिया करने से पहले रुकें, सोचें और पुष्टि होने पर ही प्रतिक्रिया करें। चिकित्सा, कानूनी या वित्तीय सलाह को लेकर केवल एआई पर निर्भर न रहें।

#### सोशल साइट के इस्तेमाल में सावधानी

जिलाधिकारी ने युवाओं से अपील की कि आज के समय में लगभग सभी युवा सोशल साइट पर अकाउंट बनाते हैं, उनके साथ भी फ्रॉड होने की संभावना रहती है, ऐसे में कोई भी ऐसी फ्रेंड रिक्वेस्ट जो अनजान हो और जिसमें किसी सिलेब्रिटी का फोटो या अन्य का फोटो लगा हो, को एक्सेप्ट न करें, अनजान नम्बर से आ रही वीडियाकॉल को न उठायें और यदि उठाना जरुरी हो तो फ्रण्ट कैमरा उंगली से कवर करके बात करें, ताकि आपकी रिकॉर्डिंग न हो।

#### साइबर फ्रॉड होने पर ऐसे लें सहायता

कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि आपके साथ साईबर फ्रॉड होता है तो जनपद में साईबर थाना स्थापित है, इसके साथ ही प्रत्येक थाने में साईबर सेल स्थापित है, तत्काल ऐसी घटना की सूचना गोल्डन आवर के भीतर नजदीकि थाने में दें। इसके साथ ही टोलफ्री नम्बर 1930, 112 एवं एनसीआरबी पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायें।

#### बच्चों से मोबाइल के प्रयोग पर निगरानी (पेरेंटल कंट्रोल)

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आपके बच्चे मोबाइल या इंटरनेट पर क्या देख रहे हैं, इसके बारे में माता पिता या अभिभावक को पता होना चाहिए, यदि बच्चा ज्यादातर समय गुमसुम रहता है, तो उसकी गतिविधियों की निगरानी करें, क्लास टीचर से बात करें और बच्चे के द्वारा मोबाइल पर देखे जा रहे कन्टेंट के बारे में जानकारी लें। इसके लिए मोबाइल समय समय पर चैक करते रहें, पेरेन्टल कण्ट्रोल सेटिंग करें।

### प्रदेश में लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान

# आईजीआरएस निस्तारण में ललितपुर पुलिस का परचम



हरिभूमि न्यूज:ललितपुर

समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) अंतर्गत जनशिकायतों के उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में ललितपुर पुलिस ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। माह जनवरी 2026 की प्रदेश रैंकिंग में मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा किए गए मूल्यांकन में उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में ललितपुर को लगातार दूसरी बार यह गौरव हासिल हुआ है।

प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों के त्वरित समाधान के लिए पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में की जा रही सतत एवं प्रभावी कार्यवाही का यह परिणाम है। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के साथ-साथ मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, ऑनलाइन माध्यम, समाधान दिवस तथा उच्चाधिकारियों के पटलों से प्राप्त शिकायतों का भी ललितपुर पुलिस द्वारा समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की थाना रैंकिंग में भी जनपद ललितपुर के 13 थानों को शत-प्रतिशत कार्यवाही के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है, जो जिले की पुलिसिंग व्यवस्था की कार्यकुशलता और जनसंवेदनशीलता को दर्शाता है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने आईजीआरएस से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण की भूरि-भूरि प्रशंसा की। साथ ही बेहतर कार्यप्रणाली के लिए 25 हजार रुपये की धनराशि का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा और मेहनत से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। लगातार दूसरी बार प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त कर ललितपुर पुलिस ने जनविश्वास को और मजबूत किया है तथा जनशिकायतों के प्रभावी निस्तारण में एक मिसाल कायम की है।

#### इनको मिला प्रथम रैंक

कोतवाली ललितपुर, जखौरा, बानपुर, मदनपुर, नाराहट, पूराकला, बार, पाली, महरौनी, तालबेहट, सौजना, गिरार एवं महिला थाना शामिल रहे।

**आ ई जी आ र ए स टी म विवरण-** प्रभारी आईजीआरएस सेल, ललितपुर सहित पूरी टीम।

### विहान बालिका विद्यालय में स्कूल बैग पाकर खिले छात्राओं के चेहरे

# बेटियों के चेहरों पर बिखरी मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह उन हाथों के सहयोग से भी आगे बढ़ती है जो निस्वार्थ भाव से मदद के लिए आगे आते हैं। कुछ ऐसा ही दृश्य विहान बालिका आवासीय विद्यालय में देखने को मिला। उ.प्र.उद्योग व्यापार संगठन जिलाध्यक्ष, समाजसेवी मनमोहन जडिय़ा मंगलवार को विद्यालय पहुंचे। उन्होंने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए विद्यालय की समस्त छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए। जैसे ही नन्हीं बेटियों के हाथों में नए स्कूल बैग आए, उनके चेहरे खुशी से चमक उठे और पूरा परिसर उनके उत्साह से गुंजायमान हो गया। मनमोहन जडिय़ा ने कहा कि बेटियां हमारे समाज का गौरव हैं और उनकी शिक्षा में कोई बाधा न आए, यह सुनिश्चित करना हम सभी का कर्तव्य है। नया बैग पाकर छात्राओं का मन प्रफुल्लित हो उठा और उनमें शिक्षा के प्रति एक नई ऊर्जा दिखाई दी। इस दौरान सावित्री (वार्डेन) नेहा कुशवाहा, आकांक्षा पांडे, जाग्रति चतुर्वेदी, अंकिता सिंह, प्रियंका नामदेव, अभिलाषा यादव मौजूद रहीं। अंत में विद्यालय की वार्डेन सावित्री ने इस नेक कार्य के लिए मनमोहन जडिय़ा का आभार जताया।

### कलेक्ट्रेट पहुंची महिलाओं ने डीएम से की दुकान हटाने की मांग, दी आंदोलन की चेतावनी

# शराब दुकान से त्रस्त ग्रामीण महिलाएं सड़क पर उतरने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर।



जिले के विकास खण्ड जखौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सतरावां में संचालित देशी शराब की दुकान ग्रामीणों के लिए गंभीर सामाजिक समस्या बनती जा रही है। शराब दुकान को लेकर गांव की महिलाओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण महिला संगठन ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए शराब की दुकान को तत्काल निरस्त करने अथवा गांव के बीच से हटाकर आबादी से बाहर स्थानांतरित किए जाने की मांग की है। महिलाओं का आरोप है कि लंबे समय से गांव के बीच संचालित देशी शराब की दुकान के कारण पूरे गांव का माहौल बिगड़ चुका है।

शराब के नशे में धुत लोग आए दिन गाली-गलौज, मारपीट और उत्पात मचाते हैं, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। महिलाओं का कहना है कि शराब के कारण पारिवारिक कलह बढ़ रही है और बच्चों पर भी इसका गलत असर पड़ रहा है। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि गांव में नशे के कारण कई बार सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें लोगों की मौत तक हो चुकी है।

शराब के नशे में वाहन चलाने से ग्रामीणों की जान खतरे में पड़ी हुई है। वहीं, युवाओं और बच्चों में भी नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है, जो भविष्य के लिए बेहद चिंताजनक है। महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि शराब दुकान के आसपास स्थित मंदिर और इंटर कॉलेज का रास्ता इसी दुकान के सामने से होकर जाता है। शराबियों की भीड़ और अभद्र व्यवहार के कारण छात्राओं को विद्यालय जाने में भारी परेशानी होती है। आरोप है कि महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और अभद्र टिप्पणियों की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं, जिससे गांव की महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन से मौखिक शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# दिव्यांगों ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर सौंपे ज्ञापन, समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



दिव्यांगों ने जनपद में व्याप्त विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर संबंधित अधिकारियों के माध्यम से ज्ञापन सौंपे। ज्ञापनों के जरिए केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करने तथा पात्र लाभार्थियों को शीघ्र लाभ दिलाए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण/शहरी) के अंतर्गत अनेक पात्र लाभार्थी अभी तक आवास से वंचित हैं। कई मामलों में सर्वे होने के बावजूद नाम सूची में शामिल नहीं किए गए, जबकि कुछ लाभार्थियों की फाइलें अनावश्यक रूप से लंबित पड़ी हैं।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने मांग की कि ऐसे सभी मामलों की पुनः जांच कर पात्र लोगों को शीघ्र आवास स्वीकृत किए जाएं। इसके साथ ही वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ समय पर न मिलने का मुद्दा भी उठाया गया। ज्ञापन में कहा गया कि अनेक पात्र लाभार्थियों की पेंशन तकनीकी कारणों या दस्तावेजी त्रुटियों के चलते बंद पड़ी है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# बिजली संकट से जूझ रहे गनगौरा के ग्रामीणों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

सदर तहसील अंतर्गत नैगांव कलां की ग्राम पंचायत गनगौरा में लंबे समय से विद्युत आपूर्ति बाधित होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल बिजली आपूर्ति बहाल कराए जाने की मांग की।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि गांव में बीते 1 मार्च से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप है, जिससे किसानों और आम ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समय फसलों की सिंचाई के लिए बिजली की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है, लेकिन बिजली न होने के कारण किसान समय पर सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं।

परिणामस्वरूप खेतों में खड़ी फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं, जिससे किसानों की मेहनत और लागत दोनों खतरे में पड़ गई हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में तैनात एक लाइनमैन ने मिलीभगत के चलते विद्युत लाइन को काट दिया है, जिसे अब तक जोड़ा नहीं गया। इसके चलते किसान वैकल्पिक साधनों से सिंचाई करने को मजबूर हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। वहीं गांव में बिजली न होने से पेयजल, घरेलू कार्य और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल विद्युत आपूर्ति बहाल कराई जाए।

### सिद्धि सागर एकेडमी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन

# जिला पंचायत अध्यक्ष व सीएमओ ने बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल दवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



सिद्धि सागर एकेडमी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण ने किया। उन्होंने बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलायी। उन्होंने बताया कि एल्बेंडाजोल के नियमित सेवन से कृमि संक्रमण से बचाव होता है। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से दवा दिलाने की अपील की। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने कहा कि कृमि संक्रमण के कारण बच्चों में कुपोषण, एनीमिया तथा शारीरिक और मानसिक विकास में रुकावट जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। जनपद में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) कार्यक्रम के अंतर्गत सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाई जा रही है। एक से दो वर्ष के बच्चों को दवा का चूरा बनाकर पानी के साथ दिया जाएगा, जबकि बड़े बच्चों को दवा चबाकर खिलाई जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बीमार बच्चों को यह दवा नहीं दी जाएगी। उप सीएमओ/नोडल अधिकारी (एनडीडी) डा. प्रदीप सिंह यादव ने बताया कि 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए एल्बेंडाजोल की खुराक दी जा रही है।

पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने कृमि संक्रमण से होने वाले दुष्प्रभावों, बच्चों के स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव तथा दवा सेवन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पेट में कीड़े होने से शरीर में खून की कमी हो जाती है और बच्चा कुपोषण का शिकार हो सकता है, जिससे उसका समग्र विकास प्रभावित होता है।

### जिलाधिकारी को सौंपा मांगों का ज्ञापन, बीमा राशि दिलाने की डिमांड

# भारतीय किसान संघ ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों एवं किसानों ने बुधवार को विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की। किसानों ने फसल बीमा भुगतान, भूमि वर्गीकरण, वन्यजीवों से हो रहे नुकसान, सड़कों की बदहाली और मंडी से जुड़ी अव्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। ज्ञापन में बताया कि खरीफ फसल वर्ष 2025 का बकाया फसल बीमा अब तक किसानों को नहीं मिल पाया है, जिसे अविलंब दिलाया जाए। इसके साथ ही खरीफ फसल 2019 में बैंकों की लापरवाही के कारण लगभग 3500 किसानों का बीमा पोर्टल पर अपलोड नहीं हो सका, जिससे उनका बीमा आज तक लंबित है। किसानों ने मांग की कि ऐसे सभी मामलों की जांच कर संबंधित किसानों को बीमा लाभ दिलाया जाए। वहीं खरीफ फसल 2024 में लगभग 75 प्रतिशत फसल नष्ट होने के बावजूद किसानों को नाममात्र का बीमा भुगतान किया गया, जिसकी निष्पक्ष जांच कर पूर्ण बीमा राशि दिलाने की मांग उठाई गई। किसानों ने भूमि संबंधी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। वर्ष 2016 के शासनादेश के बावजूद वर्ग-3 की भूमि को अब तक भूमिधरी घोषित नहीं किया गया है। मांग की कि वर्ग-3 की भूमि को वर्ग-2 तथा वर्ग-2 की भूमि को वर्ग-1 में परिवर्तित किया जाए, जिससे किसानों को अधिकार और योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके अलावा नई खतौनियों में कई किसानों के अंश कम दर्शाए जाने की शिकायत करते हुए इस गड़बड़ी को तत्काल दुरुस्त करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि किसानों की फसलों को जंगली जानवरों, बंदरों एवं वन्य जीवों से भारी नुकसान हो रहा है। रात में खेतों की रखवाली के बावजूद फसलें सुरक्षित नहीं रह पा रही हैं। ऐसे में फसल की वास्तविक पैदावार के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जाए। इन्फ्रास्ट्रक्चर और मंडी व्यवस्था को लेकर भी कई मांगें रखी गईं। ललितपुर से दैलवारा होते हुए जखौरा जाने वाले मार्ग का चौड़ीकरण व निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने, अन्य ग्रामीण सड़कों की मरम्मत कराने, जैन कृषि उत्पादन मंडी में नीलामी चबूतरों को खाली कराने आदि मांगें शामिल हैं।

### पीड़ित परिवारों ने की प्रशासन से जांच और राहत दिए जाने की मांग

# नकली खाद से तबाह हुई किसानों की फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



जिले में नकली खाद के उपयोग से किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट होने का गंभीर मामला सामने आया है। इसको लेकर प्रभावित किसानों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए उच्चस्तरीय जांच, दोषियों पर सख्त कार्रवाई तथा पीड़ित किसानों को तत्काल मुआवजा और राहत प्रदान किए जाने की मांग की है। शिकायत में किसानों ने बताया कि खरीफ/रबी सीजन के दौरान उन्होंने स्थानीय बाजार से खाद क्रय की थी, जिसे खेतों में निर्धारित मात्रा में प्रयोग किया गया।

प्रारंभ में फसल की बढ़वार सामान्य प्रतीत हुई, किंतु कुछ ही दिनों बाद खेतों में हरियाली की जगह फसल पीली पडऩे लगी, पौधे सूखने लगे और अंततः पूरी फसल नष्ट हो गई। किसानों का आरोप है कि प्रयोग में लाई गई खाद नकली अथवा अमानक थी, जिसके कारण उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया। किसानों के अनुसार, जिन परिवारों की आजीविका पूरी तरह खेती पर निर्भर है, उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। फसल खराब होने से न केवल उनकी आमदनी समाप्त हो गई, बल्कि कर्ज चुकाने की क्षमता भी प्रभावित हुई है। कई किसानों ने केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) व निजी स्रोतों से ऋण लेकर खेती की थी, जो अब भारी बोझ बन गया है। स्थिति यह है कि बच्चों की पढ़ाई, घर-परिवार का खर्च और आगामी खेती की तैयारी तक संकट में पड़ गई है। शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि फसल नष्ट होने के बावजूद अभी तक न तो बीमा कंपनियों से कोई क्षतिपूर्ति मिली है और न ही किसी सरकारी योजना के तहत राहत। किसानों ने आशंका जताई है कि यदि शीघ्र सहायता नहीं मिली तो अनेक किसान गंभीर मानसिक तनाव में आ सकते हैं, जिसका असर पूरे परिवार और समाज पर पड़ेगा। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक विशेष टीम गठित कर प्रभावित खेतों का तत्काल स्थलीय निरीक्षण कराया जाए तथा प्रयोग में लाई गई खाद के नमूनों को प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जाए। यदि खाद अमानक अथवा नकली पाई जाती है तो उर्वरक नियंत्रण आदेश के अंतर्गत संबंधित विक्रेताओं और आपूर्तिकर्ताओं के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। किसानों ने यह भी मांग की है कि फसल क्षति का वास्तविक आकलन कर उन्हें शीघ्र व सम्मानजनक मुआवजा दिया जाए। साथ ही, फसल नष्ट होने के कारण किसानों पर चढ़े ऋण की किश्तों पर तत्काल रोक (मोराटोरियम) लगाई जाए तथा ब्याज में छूट प्रदान की जाए।

58 क्विंटल गेहूं बरामद, घटना में प्रयुक्त वाहन और उपकरण भी किया जब्त

# आखिरकार धराए वेयरहाउस से गेहूं की लूट करने वाले लुटेरे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

2 फरवरी को फरियादी जसरथ पिता अमरचंद, जाति मीना, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम कांसोरकला, थाना ब्यावरा शहर, रात्रि लगभग 1 बजे वेयरहाउस में चौकीदारी कर रहे थे। उसी दौरान चार अज्ञात आरोपियों द्वारा फरियादी को कट्टा जैसी वस्तु अड़ाकर बंधक बना लिया गया। आरोपियों द्वारा दूसरे चौकीदार हरिसिंह प्रजापति के कमरे में जाकर उसका मोबाइल फोन छीन लिया गया एवं दोनों चौकीदारों को कमरे में बंद कर दिया गया। तत्पश्चात आरोपियों ने चाकू दिखाकर वेयरहाउस के गेट की चाबी छीनी तथा वेयरहाउस में रखी सरकारी गेहूं की 30 बोरियां लूटकर फरार हो गए। उक्त घटना पर थाना ब्यावरा शहर में अपराध क्रमांक 86/2026, धारा 309(6) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## खंगाले 500 सीसीटीवी कैमरे

घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरे उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रारंभिक स्तर पर आरोपियों एवं वाहन की पहचान स्पष्ट नहीं हो पा रही थी। घटनास्थल आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर स्थित होने से वहां वाहनों की निरंतर आवाजाही बनी रहती है। तकनीकी विवेचना के दौरान वेयरहाउस के आस-पास एवं पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया, जिसमें 'आपरेशन चक्षु 360 के तहत जिलें में लगाए गए सीसीटीव्ही कैमरों का इस पुलिस टीम द्वारा आगरादृमुंबई हाईवे पर लगे लगभग 500 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का क्रमबद्ध एवं सूक्ष्म परीक्षण किया गया। निरंतर तकनीकी विश्लेषण एवं फुटेज मिलान के पश्चात घटना में प्रयुक्त वाहन की पहचान की गई । जांच के दौरान वाहन का पंजीयन (आइसर वाहन) प्राप्त हुआ, जिसके आधार पर वाहन चालक की पहचान कर आगे की कार्रवाई की गई।

## यह हैं गिरफ्तार आरोपी

- फारुख खान पिता अहमद खान उम्र 42 वर्ष, निवासी रसूलपुर, थाना औद्योगिक क्षेत्र, जिला देवास
- कान्हा पिता लगजीराम मोंगिया उम्र 30 वर्ष, निवासी लेकोडा, थाना नीलगंगा, जिला उज्जैन
- अंबाराम पिता नागूलाल मालवीय उम्र 29 वर्ष, निवासी जूनापानीखेड़ा, थाना तराना, जिला उज्जैन

## यह माल हुआ जब्त

आरोपियों के कब्जे से 58 क्विंटल (116 बोरी) गेहूं घटना में प्रयुक्त आइसर वाहन कटर एवं अन्य उपकरण जप्त किए गए हैं। प्रकरण के 02 आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

## आरोपियों का विवरण एवं आपराधिक रिकॉर्ड

- **आरोपी क्रमांक-1 फारुख खान पिता अहमद खान**

उम्र 42 वर्ष, निवासी रसूलपुर, थाना औद्योगिक क्षेत्र, जिला देवास
अप.क्र. 103/2011 / धारा 379 भादवि (थाना कांटाफोड़)
अप.क्र. 147/2011 / धारा 379 भादवि (थाना सतवास)
अप.क्र. 904/2011 / धारा 379, 411 भादवि (थाना बीएनपी)
अप.क्र. 07/2012 / धारा 379 भादवि (थाना टोंकखुर्द)
अप.क्र. 28/2012 / धारा 379 भादवि (थाना कांटाफोड़)
अप.क्र. 18/2012 / धारा 379 भादवि
अप.क्र. 108/2015 / धारा 394 भादवि (थाना जावरा, जिला रतलाम)

- **आरोपी क्रमांक-2 कान्हा पिता लगजीराम मोंगिया**

उम्र 30 वर्ष, निवासी लेकोडा, थाना नीलगंगा, जिला उज्जैन
अप.क्र. 345/2009 / धारा 457, 380 भादवि (थाना नीलगंगा, उज्जैन),
अप.क्र. 670/2011 / धारा 379 भादवि (थाना महाकाल, उज्जैन)
अप.क्र. 527/2020 / धारा 379 भादवि (थाना महाकाल, उज्जैन)
अप.क्र. 394/2025 / धारा 457, 380 भादवि (थाना तेजाजी नगर)

- **आरोपी क्रमांक-3 अंबाराम पिता नागूलाल मालवीय**

उम्र 29 वर्ष, निवासी जूनापानीखेड़ा, थाना तराना, जिला उज्जैन
अप.क्र. 144/2021 /धारा 379, 411 भादवि (थाना चिमनगंजमंडी, देवास), अप.क्र. 508/2022 / धारा 354, 454, 506 भादवि

### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी ब्यावरा शहर निरीक्षक वीरेन्द्र धाकड़, उपनिरीक्षक अजय यादव, प्रवीण जाट, अनिल राहोरिया, विवेक शर्मा, प्रधान आरक्षक दीपक यादव, केशव राजपूत, शैलेन्द्र सिंह, संजय बाथम, वीरेन्द्र रावत, आरक्षक राहुल मीणा, राजकुमार रघुवंशी, दिनेश किरार, परमेश्वर दास, प्रवीण यादव, बलवीर मीणा, धीरेन्द्र , पीयुष गुप्ता, पुष्पेन्द्र एवं अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। तकनीकी टीम में उप निरीक्षक जितेंद्र अजनारे, आरक्षक आर. 326 हितेश आर. 1023 अशोक राहोरिया का योगदान रहा।

# विधायक दांगी ने सपत्नीक श्री श्याम मंदिर निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



हमारा श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में स्थानीय पुलिस थाना परिसर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में बैठक का आयोजन विधायक हजारीलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य मे हुई । जहां पर श्री श्याम मंदिर निर्माण पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में श्याम बाबा के भक्तों ने कहा कि लगभग दो वर्ष पूर्व (आपसे) याने विधायक हजारीलाल दांगी से श्रीश्याम मंदिर के विषय में चर्चा हुई थी, जिसमें आपने मंदिर हेतु उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने एवं मंदिर निर्माण में सहयोग देने का आश्वासन दिया था। इस पर बैठक में श्याम मित्र मंडल के सदस्यों से विधायक ने तत्काल कहा कि बटावदा रोड पर पूर्व आश्वासन के अनुरूप श्रीश्याम मंदिर के लिए निर्माण किया जाय। वह जगह उचित है जहां पर मंदिर निर्माण के अलावा पर्याप्त जगह है जिसमें श्रद्धालु भक्तों के लिए भण्ड़ारे सहित धार्मिक आयोजन के लिए एक बड़ा लम्बा चौड़ा परिसर हो जाएगा। ताकि क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास को नई दिशा मिल सके। बैठक के निर्णय अनुसार विधायक हजारीलाल दांगी सपत्नीक श्री श्याम मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया। भूमि पूजन में सभी सदस्यों में उत्साह की लहर नजर आ रही थी। उल्लेखनीय है कि नगर में खाटू श्याम मंदिर निर्माण की लंबे समय से श्री श्याम भक्तों का प्रयाग जारी था जिसे विधायक के कर कमलों से भूमि पूजन से निर्माण कार्य की शुरुआत हुई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, मुरली सेन आदि शामिल हुए।

# अस्पताल की नई क्रिटिकल केयर बिल्डिंग में ट्रायल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिला अस्पताल परिसर में निर्मित नई क्रिटिकल केयर यूनिट और नवीन ओपीडी भवन में सोमवार से ट्रायल रन शुरू कर दिया गया। आज सुबह से ही डॉक्टरों और स्टाफ ने नई बिल्डिंग में बैठकर कामकाज शुरू किया, ताकि व्यवस्थाओं का वास्तविक आकलन किया जा सके और औपचारिक रूप से संचालन शुरू होने से पहले कमियों को दूर किया जा सके। ट्रायल के तहत भवन के एक हिस्से में ओपीडी सेवाएं चालू की गईं, जबकि दूसरे हिस्से में केजुअल्टी और इमरजेंसी व्यवस्था रखी गई है। सुबह से ही आवश्यक उपकरण, फर्नीचर और उपचार से संबंधित सामग्री को व्यवस्थित ढंग से शिफ्ट कर संबंधित कक्षों में स्थापित किया गया। अस्पताल प्रबंधन का उद्देश्य है कि नई व्यवस्था में मरीजों की आवाजाही, रजिस्ट्रेशन, उपचार और भर्ती की प्रक्रिया कितनी सुचारू रहती है, इसका व्यावहारिक परीक्षण किया जा सके। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने बताया कि नवीन ओपीडी को आज ट्रायल आधार पर चालू किया गया है और पूरा स्टाफ यहीं कार्य कर रहा है। उनके अनुसार यह भवन क्रिटिकल इमरजेंसी ढांचे पर आधारित है, जिसमें गंभीर मरीजों के लिए त्वरित उपचार की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर की मंशा के अनुरूप पहले चरण में ट्रायल रन कर व्यवस्थाओं को परखा जा रहा है।

लगातार दूसरे वर्ष भी जारी है सुबह 8 बजे की स्पेशल क्लास

# नवाचार और समर्पण: बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए सारथी बने शिक्षक गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

कहते हैं कि यदि शिक्षक ठान ले तो किसी भी बाधा को अवसर में बदला जा सकता है। शासकीय कन्या शाला खुजनेर में माध्यमिक शिक्षक (अंग्रेजी) गोविन्द गुप्ता ने इस उक्ति को धरातल पर चरितार्थ कर दिखाया है। बोर्ड परीक्षाओं के आगामी सत्र को देखते हुए उन्होंने छात्राओं की तैयारी को एक नया आयाम देने के लिए अपनी निरूस्वार्थ सेवाएं पुनः शुरू कर दी हैं परंपरा बन रही है श्अतिरिक्त क्लासश यह कोई पहला अवसर नहीं है जब गोविन्द गुप्ता ऐसा कर रहे हैं।

पिछले वर्ष भी उन्होंने इसी प्रकार विद्यालय समय से पूर्व अतिरिक्त कक्षाएं ली थीं, जिसका सुखद परिणाम बोर्ड परीक्षा के बेहतरीन नतीजों के रूप में सामने आया था। उसी सफलता को दोहराने के लक्ष्य के साथ, वे इस वर्ष भी कड़ाके की ठंड की परवाह किए बिना प्रातः 8 बजे कन्या शाला खुजनेर पहुंच कर छात्राओं को अंग्रेजी विषय की बारीकियां सिखा रहे हैं प्राचार्य ने बताया श्अनुकरणीय उदाहरणश संस्था के प्राचार्य श्री हितेश सोनी ने श्री गोविन्द गुप्ता जी के इस जज्बे की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। प्राचार्य हितेश सोनी ने कहा - गुप्ता जी का यह समर्पण पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। पिछले साल के शानदार परिणाम ने यह सिद्ध कर दिया था कि अतिरिक्त परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता। उनके द्वारा स्वेच्छा से सुबह 8 बजे उपस्थित होकर छात्राओं का मार्गदर्शन करना शिक्षण के प्रति उनकी गहरी निष्ठा को दर्शाता है। अन्य के लिए भी यह एक अनुकरणीय प्रेरणा बेटियों के भविष्य को मिल रही नई उड़ान कक्षा 10वीं और 12वीं की छात्राओं का कहना है कि अंग्रेजी जैसे कठिन विषय को गोविन्द गुप्ता ने बहुत ही सरल बना दिया है। सुबह के शांत वातावरण में होने वाली इस पढ़ाई से उनकी एकाग्रता बढ़ी है अभिभावकों ने भी प्राचार्य हितेश सोनी और शिक्षक श्री गुप्ता के इस साझा प्रयास की सराहना करते हुए इसे शासकीय विद्यालयों के गौरव को बढ़ाने वाला कदम बताया है।

एनएसएस शिविर के चतुर्थ दिवस विविध गतिविधि का आयोजन

# श्रमदान कर किया पौधरोपण, क्यारियों को किया सुव्यवस्थित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकान्द महाविद्यालय सारंगपुर की छै इकाई द्वारा ग्राम धनोरा में आयोजित कैंप के चतुर्थ दिवस स्वयंसेवकों द्वारा सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक चेतना से परिपूर्ण विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। दिन का शुभारंभ प्रातःकाल श्रमदान से हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने शिविर परिसर स्थित वृक्षारोपण क्षेत्र में क्यारियों को सुव्यवस्थित किया। क्यारियों की साफ-सफाई, मिट्टी समतलीकरण एवं पौधों की देखरेख कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसी के साथ विद्यालय में वृक्षारोपण भी किया गया ।इस गतिविधि का उद्देश्य छात्रों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी एवं सतत विकास की भावना विकसित करना रहा।

इसके उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा क्षेत्रीय सर्वेक्षण कार्य किया गया। सर्वे के दौरान ग्रामीण स्थानीय नागरिकों से संवाद कर स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक समस्याओं से संबंधित जानकारी एकत्र की गई। इस सर्वेक्षण के माध्यम से छात्रों को समाज की वास्तविक परिस्थितियों को समझने एवं समस्याओं के समाधान हेतु संवेदनशील बनने का अवसर प्राप्त हुआ। दोपहर पश्चात शिविर परिसर में एक बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसका विषय "राष्ट्र निर्माण में छात्रों की भूमिका एवं सामाजिक समरसता" रहा। जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में बद्रीलाल बामनिया ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद सारंगपुर एवं सुशील व्यास उपस्थित रहे।

# मंत्री पंवार ने उपमुख्यमंत्री से ट्रॉमा सेंटर के लिए स्टाफ की मांग की




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विधानसभा क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम उठाते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने भोपाल में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल से भेंट कर ब्यावरा शासकीय चिकित्सालय में स्वीकृत ट्रॉमा सेंटर की आगामी प्रक्रिया को लेकर विस्तृत चर्चा की।

चर्चा में ट्रॉमा सेंटर के लिए आवश्यक आधुनिक चिकित्सा उपकरण, आवश्यक स्टाफ, तथा अन्य संसाधनों की उपलब्धता को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। मंत्री पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार जन-स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और ब्यावरा क्षेत्र में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई मजबूती प्रदान करेगी। यह केंद्र न केवल समय पर जीवन रक्षक उपचार उपलब्ध कराएगा, बल्कि क्षेत्र के लोगों को बड़े शहरों की ओर रेफर होने की मजबूरी से भी राहत दिलाएगा।

# पारीक की स्मृति में लगा नेत्र शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर




लायंस क्लब द्वारा नेत्र जांच शिविर एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन राधेश्याम पारीक (पपडेल वालों) की स्मृति में पारीक मेडिकोज एण्ड पैथोलॉजी लैब के सौजन्य से आयोजित किया गया। नगर के सिविल अस्पताल में आयोजित शिविर में सर्वप्रथम परम पूज्य गुरुदेव श्री रणछोड़ दास जी महाराज एवं स्व. राधेश्याम पारीक के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के डॉक्टर द्वारा 152 मरीज का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 54 मरीज का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर हेतु भेजा गया शिविर में 72 मरीजों को चश्मा व दवा वितरित की गई। इस अवसर पर ट्रस्ट के डॉक्टर जितेन्द्र पाठक, डॉ कृष्णपाल,लायन एडवोकेट महेंद्र सिंह, लायंस प्रदीप गुप्ता, गिरिराज भंडारी,देवेंद्र कुमार पारीक, राकेश गुप्ता (बंटी), सतीश पारीक आयोजन कर्ता गजेंद्र पारीक, डॉ तरुण पारीक, विशाल पारीक आदि उपस्थित थे।

# महर्षि पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर




महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में कक्षा12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह एवं वर्ष भर चली गतिविधियों के विद्यार्थियों का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, प्राचार्य दिनेश गुर्जर, संचालक शिवचरण दांगी, डॉ बीएल गुर्जर, संचालक देवनारायण दांगी, वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर वरदानियां शिक्षक देवीलाल गुर्जर, शरद भावसार की उपस्थित में समस्त अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, जिसमें देशभक्ति गीत सहित बच्चों को प्रेरित करते हुए शैक्षणिक क्षेत्र कि ओर अग्रसर किया गया। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों द्वारा कक्षा बारहवीं के बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उत्कृष्ट परिणाम के लिए शुभकामनाएं दीं।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में शिवरात्रि को लेकर आयोजन किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आवास स्थित नवनिर्मित भवन में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि परमपिता परमात्मा शिव निराकार, ज्योति स्वरूप, अजन्मा और स्वयंभू हैं। वह संपूर्ण सृष्टि के रचयिता हैं तथा ब्रह्मा, विष्णु और शंकर के भी रचयिता माने जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव को निर्वैर कहा गया है,जो सबका भला करते हैं अतः हमें अपने जीवन से काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे विकारों को त्यागकर उन्हें अर्पण करना चाहिए। यही सच्ची शिवरात्रि का संदेश है। ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा समाज में किए जा रहे आध्यात्मिक और नैतिक कार्यों की सराहना की। जीवन में सकारात्मक सोच और आत्मिक शांति का संचार करते हैं। युवाओं और महिलाओं को इन आध्यात्मिक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया।

एसआईआर कार्य में प्रदेश में संयुक्त रूप से दूसरा स्थान, कलेक्टर ने अधिकारियों का बढ़ाया हौसला

# सभी अधिकारी प्रो-एक्टिव होकर करें कार्य : कलेक्टर कन्याल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मान

बैठक के आरंभ में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 2026 (एसआईआर) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गुना जिले द्वारा प्रदेश में संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त करने पर कलेक्टर कन्याल ने तालियां बजाकर निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारियों एवं टीम को शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण, बैठक व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए।

हाल ही में संजय स्टेडियम में आयोजित हॉकी टूर्नामेंट के बेहतरीन आयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा नगर पालिका की पूरी टीम की प्रशंसा की गई।



### लक्ष्य तय कर नो पेंडेंसी पर करें कार्य

कलेक्टर कन्याल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागीय योजनाओं के लक्ष्य स्पष्ट रूप से निर्धारित करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि कितने प्रयास किए जा रहे हैं और उनकी कितनी प्रभावी मॉनिटरिंग हो रही है। उन्होंने नो-पेंडेंसी की भावना से प्रो-एक्टिव होकर कार्य करने के निर्देश दिए। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं पत्रों के शीघ्र निराकरण को बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

### क्रिटिकल केयर सेंटर से बढ़ेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

बैठक के दौरान जिला चिकित्सालय में क्रिटिकल केयर सेंटर के प्रारंभ होने पर कलेक्टर ने कहा कि इससे आमजन को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। बैठक के प्रारंभ में ई-गवर्नेंस मैनेजर गौतम श्रीवास्तव एवं सीनियर जीआईएएस एग्जीक्यूटिव पूजा द्वारा डिस्ट्रिक जीआईएस पोर्टल एवं परख एप्लीकेशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में जीआईएस आधारित एसेट मैपिंग, डाटा अपडेट, निरीक्षण प्रक्रिया तथा परख ऐप के माध्यम से डिजिटल निरीक्षण दर्ज करने की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य शासकीय परिसंपत्तियों के प्रबंधन को अधिक पारदर्शी, सटीक एवं तकनीक आधारित बनाना है।